Title: Need to provide basic amenities at Navodaya Vidyalaya at Borakheri in Mandavi Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): मेरे संसदीय क्षेत्र मांडवी के ताल्लूका व्यारा के बोराखडी में केन्द्र संचालित नवोदय विद्यालय है। इस विद्यालय में स्टाफ की अत्यंत कमी है, जिसके कारण यहां के पठन पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। छात्र आवास और अध्ययन कक्ष की व्यवस्था बिल्कुल खराब है और इस विद्यालय में प्राथमिक सुविधा का भी अभाव है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त विद्यालय में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाये और छात्र आवास, अध्ययन कक्ष को सुधारा जाये और प्राथमिक सुविधाओं को तत्काल उपलब्ध करवाया जाये।